# राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति

## प्रिलिम्स के लिये:

भारत में आत्महत्या की स्थिति, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या रिपोर्ट

## मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति, भारत में आत्महत्याओं की स्थिति, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने **"राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति"** की घोषणा की है।

- यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जिसमें **वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10% की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्ययोजना और बहु-क्षेत्रीय सहयोग** शामिल है।
- यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की **दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।**

## राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति:

- यह रणनीति मोटे तौर पर अगले तीन वर्षों के भीतर आत्महत्या के लिये **प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करती है।**
- यह मनोरोग बाह्य रोगी विभाग स्थापित करेगा जो अगले पाँच वर्षों के भीतर सभी **ज़िलों में ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से आत्महत्या रोकथाम सेवाएँ प्रदान करेगा।**
- इसका उद्देश्य अगले आठ वर्षों के भीतर सभी शैक्षणिक संस्थानों में **मानसिक कल्याण पाठ्यक्रम को एकीकृत करना है।**
- यह ज़िम्मेदार मीडिया रिपोर्टिंग और आत्महत्या के साधनों तक पहुँच को प्रतिबंधित करने हेतु दिशा-निर्देश विकसित कर आत्महत्याओं को रोकने की परिकल्पना करता है।

## भारत में आत्महत्याओं की स्थिति:

- **राष्ट्रीय आँकड़े:**
  - भारत में आत्महत्या के कारण प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक जानें जाती हैं और यह 15-29 आयु वर्ग में सबसे अधिक है।
  - वर्ष 2019-22 में आत्महत्या की दर प्रति 1,00,000 आबादी पर 10.2 से बढ़कर 11.3 हो गई है।
  - हाल ही में **राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) ने "भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या रिपोर्ट 2021" जारी की है।** रिपोर्ट में **"महिलाओं के खिलाफ अपराध", "आत्महत्या" और "अपराध दर"** के आँकड़े दिये गए हैं।
- **दैनिक वेतनभोगी:**
  - वर्ष 2021 में आत्महत्या पीड़ितों के बीच दैनिक वेतनभोगी सबसे बड़ा पेशेवर समूह बना रहा, जो 42,004 आत्महत्याओं (25.6%) के लिये ज़िम्मेदार है।
  - आत्महत्या से दिहाड़ी मज़दूरों की मृत्यु का हिस्सा पहली बार चतुर्थांश आँकड़े को पार कर गया है।
  - राष्ट्रीय स्तर पर आत्महत्याओं की संख्या में वर्ष 2020 से वर्ष 2021 तक 7.17% की वृद्धि हुई।
    - हालाँकि इस अवधि के दौरान दैनिक वेतनभोगी समूह में आत्महत्या करने वालों की संख्या में 11.52% की वृद्धि हुई।




- **कृषि क्षेत्र:**
  - कुल दर्ज आत्महत्याओं में "कृषि क्षेत्र में लगे व्यक्तियों" की कुल हिस्सेदारी वर्ष 2021 के दौरान 6.6% थी।
- **व्यवसाय के अनुसार वितरण:**
  - उच्चतम वृद्धि "स्व-नियोजित व्यक्तियों" द्वारा दर्ज की गई जो कि 16.73% थी।
  - ["बेरोज़गार व्यक्तियों"]() का समूह एकमात्र ऐसा समूह था जिसने आत्महत्याओं में गिरावट दर्ज की, जो वर्ष 2020 में 15,652 से 12.38% घटकर वर्ष 2021 में 13,714 हो गई।

| Professionategory | 2020 | 2021 | % Share in total Suicides in 2021 | % Increase in suicides during 2021 |
|---|---|---|---|---|
| Daily Wage Earner | 37666 | 42004 | 25.6 | 11.52 |
| Other Persons | 20543 | 23547 | 14.4 | 14.62 |
| House wife | 22374 | 23179 | 14.1 | 3.60 |
| Self Employed Persons | 17332 | 20231 | 12.3 | 16.73 |
| Professional/Salaried Persons | 14825 | 15870 | 9.7 | 7.05 |
| Unemployed Persons | 15652 | 13714 | 8.4 | -12.38 |
| Students | 12526 | 13089 | 8 | 4.49 |
| Persons Engaged in Farming Sector | 10677 | 10881 | 6.6 | 1.91 |
| Retired Persons | 1457 | 1518 | 0.9 | 4.19 |
| Total | 153052 | 164033 | 100 | 7.17 |

- **आत्महत्या का कारण:**
  - 32.2%: पारिवारिक समस्याओं के कारण (विवाह से संबंधित समस्याओं के अलावा)।
  - 4.8%: विवाह से संबंधित समस्याओं के कारण।
  - 18.6%: बीमारी की समस्याओं के कारण।
- **राज्य:**
  - वर्ष 2021 में रिपोर्ट की गई आत्महत्याओं की संख्या के मामले में महाराष्ट्र देश में सबसे ऊपर है, इसके बाद तमिलनाडु और मध्य प्रदेश हैं।
  - वर्ष 2021 में देश भर में दर्ज आत्महत्याओं की कुल संख्या में महाराष्ट्र का योगदान 13.5% था।
- **केंद्रशासित प्रदेश:**
  - दिल्ली में सबसे अधिक 2,840 आत्महत्याएँ दर्ज की गईं।

## आत्महत्याओं को कम करने के लिये भारत की क्या पहल है?

- **मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017:**
  - MHA 2017 का उद्देश्य मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों के लिये मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।
- **किरण:**

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने चिंता, तनाव, अवसाद, आत्महत्या के विचारों और अन्य मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं का सामना करने वाले लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन **"किरण (KIRAN)"** शुरू की है।
- **मनोदर्पण पहल:**
  - मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) (अब शिक्षा मंत्रालय) ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत **मनोदर्पण पहल** लॉन्च की। इसका उद्देश्य छात्रों, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को कोविड-19 के समय में उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिये मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना है।

## राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB):

- NCRB, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है, की स्थापना वर्ष 1986 में **गृह मंत्रालय** के तहत **अपराध और अपराधियों संबंधी सूचना के भंडार के रूप में कार्य करने के लिये** की गई थी ताकि अपराधियों के जाँचकर्त्ताओं को अपराध एवं अपराधी की कड़ी को समझने में सहायता मिल सके।
- **इसकी स्थापना राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय की टास्क फोर्स (1985)** की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
- **NCRB देश भर में अपराध का विस्तृत वार्षिक आँकड़ा** ('भारत में अपराध' रिपोर्ट) प्रकाशित करता है।
  - वर्ष 1953 से प्रकाशित होने के बाद यह रिपोर्ट देश भर में कानून और व्यवस्था की स्थिति को समझने में एक महत्त्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करती है।

## स्रोत:द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-suicide-prevention-strategy